स. 3-9/2023 रा.भा.ए. (पखवाड़ा)
भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
केंद्रीय हिंदी निदेशालय
राजभाषा अनुभाग

पश्चिमी खंड, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली
दिनांक: 11.09.2023

कार्यालय ज्ञापन

**विषय: केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन।**

केंदीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) में हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने तथा सरकारी कामकाज में अधिकारियों/कर्मचारियों की हिंदी के प्रति रुचि को बढाने के उद्देश्य से सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 14 से 29 सितंबर, 2023 तक हिंदी पखवाड़ा मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में निम्नलिखित प्रतियोगिताएं उनके समक्ष दिए गए समय एवं स्थान के अनुसार आयोजित की जाएंगी। समय एवं स्थान समिति कक्ष की उपलब्धता पर निर्भर रहेगा। अतः तारीख, स्थान अथवा समय में परिवर्तन होने की स्थिति में प्रतिभागियों को यथासमय सूचित कर दिया जाएगा। प्रतियोतिगताओं से संबंधित विवरण इस प्रकार हैः-

| क्र० सं० | प्रतियोगिता का नाम | तारीख व समय | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रुतलेखन | 14.09.2023 (बृहस्पतिवार) | 11.00 बजे से 12.00 बजे |
| 2. | स्वरचित हिंदी कविता पाठ | 18.09.2023 (सोमवार) | 10.30 बजे से 1.00 बजे |
| 3. | हिंदी वाद-विवाद | 20.09.2023 (बुधवार) | 10.30 बजे से 1.00 बजे |
| 4. | निबंध लेखन | 22.09.2023 (शुक्रवार) | 10.30 बजे से 1.00 बजे |
| 5. | आलेखन टिप्पण | 26.09.2023 (मंगलवार) | 11.00 बजे से 12.30 बजे |
| 6. | पुरस्कार वितरण, समापन समारोह तथा जलपान | 29.09.2023 (शुक्रवार) | दोपहर 3.00 बजे से |

2. उपर्युक्त हिंदी प्रतियोगिताओं में विजेताओं को निम्नानुसार पुरस्कार दिए जाएंगेः-

| क्र० सं० | पुरस्कार | पुरस्कार राशि एवं संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम | 2000/- रूपए, एक पुरस्कार |
| 2. | द्वितीय | 1500/- रूपए, एक पुरस्कार |
| 3. | तृतीय | 1000/- रूपए, एक पुरस्कार |
| 4. | प्रोत्साहन | 750/- रूपए, दो पुरस्कार |

3. इन प्रतियोगिताओं के लिए पात्रता, नियम एवं शर्तें आदि **अनुबंध- 1** में दी गई हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे नामांकन भेजने हेतु प्रपत्र **अनुबंध-2** भरकर दिनांक 11 सितंबर, 2023 तक श्री नंद कुमार, सहायक निदेशक (राजभाषा) के पास भेज दें।

11/9/2023
(हुकमचंद मीना)
**उप निदेशक (राजभाषा)**

सेवा में,

1. केंद्रीय हिंदी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय के सभी नियमित अधिकारी/ब्यूरो/प्रभाग/अनुभाग/एकक।
2. निदेशक के निजी सचिव।

प्रतिलिपिः-

ई-गवर्नेंस यूनिट, वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

*****

<u>अनुबंध-1</u>

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

हिंदी पखवाड़ा - 2023

**प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता के लिए पात्रता, नियम एवं शर्तें आदि**

i. तीन प्रतियोगिताएं नामशः हिंदी निबंध, हिंदी वाद-विवाद तथा स्वरचित हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता' अकादमिक एवं प्रशासनिक वर्ग के लिए पृथक-पृथक आयोजित की जाएंगी, आलेखन टिप्पण प्रतियोगिता सभी वर्ग के लिए होगी तथा श्रुतलेखन प्रतियोगिता केवल एम टी एस वर्ग के लिए आयोजित की जाएगी। सभी प्रतियोगिताओं का विषय प्रतियोगिता की तारीख को ही घोषित किया जाएगा।

ii. हिंदी निबंध लेखन में दिए गए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखना होगा और समय सीमा 60 मिनट होगी। वाद-विवाद प्रतियोगिता में समय-सीमा प्रति प्रतिभागी 05 मिनट होगी।

iii. यदि किसी प्रतियोगिता में 06 से कम प्रतिभागी होंगे तो वह प्रतियोगिता रद्द कर दी जाएगी।

iv. किसी भी प्रतिभागी को 02 से अधिक प्रतियोगिताओं में पुरस्कार नहीं दिया जाएगा।

v. विजेताओं को पुरस्कारों की राशि के भुगतान सहित हिंदी पखवाड़ा के आयोजन पर होने वाले सभी तरह के व्यय का निर्वहन/भुगतान कार्यालय व्यय से किया जाएगा।

vi. प्रतियोगिताओं के दौरान मोबाइल फोन आदि का प्रयोग पूर्णतः वर्जित होगा।

vii. प्रत्येक प्रतियोगिता/वर्ग के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और प्रोत्साहन **पुरस्कारों की राशि क्रमशः 2000, 1500, 1000 और 750 रुपए होगी** तथा पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार राशि का भुगतान डिजिटल रूप से सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा।

viii. हिंदी पखवाड़ा, 2023 के आयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार का विवाद होने की स्थिति में राजभाषा ब्यूरो प्रमुख का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

ix. प्रतियोगिताओं के लिए प्रश्न पत्र बनाने/उत्तर-पुस्तिकाओं की जांच/मूल्यांकन करने के लिए निर्णायकों/जांच-कर्ताओं का गोपनीय रूप से चयन करने का अधिकार उप निदेशक (रा.भा.) का होगा।

******

अनुबंध-2

केंद्रीय हिंदी निदेशालय

हिंदी पखवाड़ा - 2023

**प्रतियोगिता नामांकन प्रपत्र**

| | |
|---|---|
| **नाम** | |
| **पदनाम** | |
| **अनुभाग/एकक** | |
| **कार्यालय** | |
| **एक्सटैन्शन नंबर** | |
| **पद का प्रकार** | अकादमिक ( ) प्रशासनिक ( ) |
| **प्रतियोगिताएं जिसमें आप भाग लेना चाहते हैं** | |
| | |
| | |
| | |

**वचन**

मैं एतद द्वारा हिंदी पखवाड़े के प्रतियोगिताओं के लिए बने नियमों से स्वयं को आबद्ध करती/करता हूँ। मैं वचन देती/देता हूँ कि प्रतियोगिताओं के निर्णायकों के फैसले मुझे मान्य होंगे।

प्रतिभागी के हस्ताक्षर

(दिनांक सहित)